भारत सरकार के सुचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा विज्ञानं भवन नई दिल्ली में छठवाँ राष्ट्रिय सामुदायिक रेडियो सम्मलेन का आयोजन किया जा रहा है | इसमें पुरे देश भर में के 192 सामुदायिक रेडियो स्टेशन भाग ले रहे हैं | हर वर्ष मंत्रालय द्वारा 5 अलग अलग वर्ग में सामुदायिक रेडियो अवार्ड दिए जाते हैं |

इस सम्मलेन में ब्रहमाकुमारिज द्वारा संचालित सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो मधुबन जो की पिछले 5 वर्षों से माउंट आबू और उसके आस पास के क्षेत्र में प्रसारीत होता है उसे सामुदायिक भागीदारी वर्ग में सामुदायिक रेडियो अवार्ड - 2016 प्राप्त हुआ | **श्री अरुण जेटली जी सुचना प्रसारण मंत्री, भारत सरकार एवं सुचना प्रसारण राज्य मंत्री एवं श्रीमान राज्य वर्धन सिंह राठोर** ने विज्ञान भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में रेडियो मधुबन के स्टेशन हेड बी.के यशवंत पाटिल को यह अवार्ड प्रदान किया |

यह अवार्ड रेडियो मधुबन द्वारा बनाये गए कार्यक्रम “हमारी सरकार हमारे अधिकार” कार्यक्रम को दिया गया | यह कार्यक्रम माउंट आबू और उसके आस पास रहने वाले आदिवासी समुदाय के लिए बनाया गया था | इस कार्यक्रम में 14 एपिसोड बनाये गए जिसमें अदिवासीयों के लिए सरकार द्वारा बनाया गया “पेसा कानून” के बारे में जागरूकता फैलाई गई, साथ साथ स्थानीय प्रशासनिक अधिकारीयों के साथ मिलकर ग्रामसभाएं आयोजित की गई जिसमे अधिकारीयों ने लोगों की बात सुनकर उन्हें समाधान दिया | अधिकारीयों ने रेडियो स्टेशन पर आकर भी फ़ोन इन कार्यक्रम में श्रोताओं को इस कानून के बारे में जानकारियां दी | इन सभी प्रयासों में ज्यादा से ज्यादा लोगों को इस जागरूकता कार्यक्रम में जोड़ा पाने हेतु यह अवार्ड दिया गया |